सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

# युवा मामले एवं खेल विभाग

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष
''हर घर खुशहाली''




माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा 12 दिसंबर 2024 को आयोजित रन फॉर विकसित राजस्थान के अवसर पर पेरिस पैरा ओलपिक-2024 एवं एशियन गेम्स व पैरा एशियन गेम्स 2023 के पदक विजेताओं को सम्मानित किया। पास में खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड और मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत।

# प्रगति प्रतिवेदन

## 2024 -2025













सत्यमेव जयते

# राजस्थान सरकार
# युवा मामले एवं खेल विभाग

# प्रगति प्रतिवेदन
## 2024–2025

# राजस्थान सरकार
# युवा मामले व खेल विभाग
# वर्षिक प्रगति प्रतिवेदन 2024—25
## अनुक्रमाणिका


| क्र.स. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | खेल विभाग की प्रमुख उपलब्धिया | 2 |
| 2 | आई.पी.एल. आयोजन | 4 |
| 3 | राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद गठन एवं प्रशासनिक व्यवस्था | 7 |
| 4 | पदक विजेता खिलाडियों का विवरण | 8 |
| 5 | अनुदान | 9 |
| 6 | स्पोर्ट्स पर्सन पेंशन योजना | 10 |
| 7 | खेल गतिविधिया एवं कार्यक्रम | 10 |
| 8 | खेल अकादमिया | 10 |
| 9 | **खेल स्टेडियम** निर्माण / विकास **कार्य** | 15 |
| 10 | मेजर ध्यानचन्द योजना | 15 |
| 11 | प्रमुख बजट घोषणाऐं | 17 |
| 12 | खेलो इंडिया योजना अन्तर्गत निर्माण | 18 |
| 13 | खेलो इंडिया केन्द्र | 19 |
| 14 | बिना पारी नियुक्ति | 20 |
| 15 | युवा मामले एवं खेल विभाग का वार्षिक बजट | 21 |
| 16 | राजस्थान युवा बोर्ड | 22 |
| 17 | युवा बोर्ड के उद्देश्य | 26 |
| 18 | युवा बोर्ड द्वारा किये गये प्रमुख कार्य | 28 |
| 19 | राजस्थान राज्य क्रीडा संस्थान, जोधपुर | 31 |
| 20 | मीडिया कवरेज | 36 |




नई दिल्ली में आयोजित युवा सम्मेलन में राजस्थान दल को रवाना करते खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़



युवा महोत्सव 8 से 12 जनवरी 2025 को जयपुर में आयोजित किया गया।

## युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा अर्जित प्रमुख उपलब्धियां :–

- प्रदेश के 1601 खिलाडियों को वर्तमान सरकार द्वारा 2024–25 में 33.21 करोड़ रूपए की ईनामी राशि प्रदान की गई।
- पेरिस 2024 में संपन्न ओलम्पिक गेम्स 2024 में प्रदेश के दो खिलाड़ियों श्री अनंतजीत सिंह नरूका एवं श्रीमती महेश्वरी चौहान ने निशानेबाजी स्पर्धा में भाग लिया और कास्यं पदक से चूकते हुए चौथा स्थान हासिल किया।
- पेरिस 2024 में संपन्न पैरालिंपिक खेलों में राजस्थान के तीन खिलाड़ियों सुश्री अवनी लेखरा ने स्वर्ण, श्री सुंदर सिंह गुर्जर ने कास्यं एवं मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीत कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इन खेलों में प्रदेश के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया था।
- राईजिंग राजस्थान में विभिन्न खेलों की विश्व स्तरीय उत्कृष्ट आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने हेतु 15 कम्पनियों के साथ 5291 करोड रूपये के निवेश के MoU किये गये है।
- राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ''रन फॉर विकसित राजस्थान 12 दिसम्बर, 2024 (रवि–राज)'' एवं ''राइजिंग यूथ'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## खिलाड़ियों एवं खेलों के लिए नवीन योजनायें/नीतियां/नवाचारों का विवरण :–

- एक जिला–एक खेल (वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोट्र्स) कॉम्प्लेक्स योजना प्रत्येक जिले में चरणबद्व रूप से प्रत्येक जिले में प्रचलित खेल निर्धारण कर लिया गया है।
- युवा शक्ति के सर्वांगीण विकास में खेलों के प्रोत्साहन हेतु समुचित वातावरण तैयार करने के लिए ''नवीन खेल नीति'' एवं युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, उन्हें प्रोत्साहित करने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु समुचित वातावरण तैयार करने के लिए ''नवीन युवा नीति'' केबिनेट में शीघ्र ही प्रस्तुत की जा रही है।

- खेलो इंडिया 'Youth Games' की तर्ज पर प्रदेश में पारम्परिक खेलों (Traditional and Indigenous Games) को शामिल करते हुए ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर खेलो राजस्थान 'Youth Games' का आयोजन शीघ्र किया जायेगा।

- Olympics 2028 में भाग लेने के लिए प्रदेश के 50 प्रतिभाशाली युवाओं को Training/Kit/Coach सहित सभी विश्वस्तरीय सुविधायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से 'Mission Olympics-2028' प्रारम्भ किया जा रहा है। इसके लिए जयपुर में 20 करोड की लागत से Centre of Excellence Sports भी स्थापित किया जा रहा है। जिसमें 150 प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

- जयपुर, भरतपुर एवं उदयपुर में बालिकाओं के लिए 25–25 करोड की लागत से 'Residential Girls Sports Institutes' स्थापित कर आवासीय प्रशिक्षण एवं शिक्षण की व्यवस्था शीघ्र ही की जायेगी।

- ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दृष्टि से ग्राम पंचायत स्तर पर चरणबद्ध रूप से Open Gyms व खेल मैदान बनाये जायेंगे। प्रथम चरण में 10 हजार से अधिक आबादी वाली 163 ग्राम पंचायतों पर ये सुविधायें विकसित की जायेगी।

- प्रदेश के खिलाडियों को समुचित Security Coverage उपलब्ध कराने की दृष्टीगत Sports Life Insurance Scheme लांच की जा चुकी है। इसके अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को श्रेणीवार 25 लाख रूपये तक का दुर्घटना व जीवन बीमा कवरेज दिया जा रहा है।

- खिलाडियों के Sports Certificates के लिए Digital Repository पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।



# राज्य सरकार ने किया आईपीएल मैचो का भव्य आयोजन :–

डेढ़ दशक के आईपीएल इतिहास में पहली बार राज्य सरकार के मार्गदर्शन में **राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा गुलाबी नगरी के सवाई मानसिंह स्टेडियम मे पाँच आईपीएल मैचो का भव्य आयोजन किया गया।** सभी ने पहली बार राज्य सरकार द्वारा आयोजित किये गये आईपीएल मैचो के सफल आयोजन की भूरी–भूरी प्रशंसा की। इन मैचो से राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद को प्रति आयोजन पर 1.00 करोड रूपये की आय होती थी, जो कि इस बार बढ कर 4.25 करोड हुई।










आईपीएल मैचो का आयोजन राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के द्वारा किया जाता है।

लेकिन इस बार आरसीए का एमओयू फरवरी माह में समाप्त होने के कारण आयोजन की जिम्मेदारी राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद को सौपी गई।

आईपीएल के दौरान पहली बार सभी खेलों के पूर्व नामी खिलाडियों और पदक विजेताओ, पदमश्री, अर्जुन पुरस्कार विजेता, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड प्राप्त खिलाडियों और पूर्व रणजी कप्तानो को मेच दिखाए गए।

इसी प्रकार महिला खिलाडियों को भी पहली बार आईपीएल मैचों के पास देकर उन्हें सम्मान दिया गया।

आंगनबाडी कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों का सम्मान किया बल्की उन्हे आईपीएल मैच देखने के लिए आमंत्रण भी दिया।

इसके अलावा उन्होने 350 सफाई कर्मियों और उनके परिजनों को भी मैच का आनन्द लेने के लिए पास दिये गये।





# राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्
## सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

3. प्रस्तावना :–

- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत एक पंजीकृत संस्था है, जो प्रदेश में युवा मामले एवं खेल विभाग के नियन्त्रण में राज्य में खेलों के विकास की सर्वोच्च संस्था है। स्थापना के पश्चात क्रीड़ा परिषद ने विगत 66 वर्षों के इतिहास में राज्य के खेलों के विकास में अपनी महती भूमिका निभाई है।
- राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए **खिलाड़ियों को"महाराणा प्रताप पुरस्कार"** से सम्मानित किया जाता है। वर्ष 1982–83 से महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। वर्ष 2017–18 तक राजस्थान के 170 खिलाड़ियों को महाराणा प्रताप पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका हैं। महाराणा प्रताप पुरस्कार में चयनित खिलाड़ियों को रू. 5 लाख की नकद राशि, महाराणा प्रताप की ब्रॉस प्रतिमा, ब्लेजर मय टाई एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता हैं।
- क्रीड़ा परिषद ऐसे **खेल प्रशिक्षकों** को भी **"गुरू वशिष्ठ पुरस्कार"** से सम्मानित करती है, जो राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को तराश कर योग्य खिलाड़ी बनाते हैं। वर्ष 1985–86 से यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।वर्ष 2017–18 तक 40 खेल प्रशिक्षकों को यह पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। गुरू वशिष्ठ पुरस्कार में प्रशिक्षकों को रू. 5 लाख की नकद राशि, गुरू वशिष्ठ की ब्रास प्रतिमा, ब्लेजर मय टाई एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता हैं।
- भारत में खेलों के विकास को नई दिशा प्रदान करने के लिए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद श्रेय की पात्र है। खेल परिषद ने देश में पहली बार राज्य के चयनित खिलाडियों हेतु आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की परम्परा डाली, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा व अनुकरण किया गया। परिषद ने पर्वतीय स्थल माउण्ट आबू में सन् 1959 में पहले खेलकूद प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की थी।
- खेल परिषद द्वारा जनजाति क्षेत्रों की प्रतिभाओं को तलाश कर तराशने के लिए ग्रीष्मावकाश में पृथक से आवासीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है।जनजाति राज्य प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है।

## क्रीड़ा परिषद् का गठन :–

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के संरक्षक (PATRON) राज्य के राज्यपाल हैं। राज्य के मुख्यमंत्री भी परिषद् के उप संरक्षक हैं। परिषद् के अध्यक्ष मुख्य कार्यकारी होते हैं। इसके अलावा परिषद् में उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व राज्य सरकार द्वारा मनोनीत 12 से अधिक सदस्य होते हैं। जबकि 6 अधिकारी इसके पदेन सदस्य होते है। परिषद के प्रथम अध्यक्ष श्री वी.जी. कानेटकर थे। दिनांक 09सितम्बर, 2024 से डॉ. नीरज कुमार पवन, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के अध्यक्ष का पद संभाले हुये हैं।

## प्रशासनिक व्यवस्था :–

- राज्य में खेल गतिविधियों के संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन के लिये विभिन्न संवर्ग के **483 पद** सृजित है, जिसमें से 153 पद भरे हुए है और 330 पद रिक्त है। प्रदेश में निःशुल्क खेल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए खेल प्रशिक्षकों के **248 पद** स्वीकृत है, जिसमें वर्तमान में **63** खेल प्रशिक्षक प्रशिक्षण का कार्य कर रहे है व **185 पद** रिक्त है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर सेवाप्रदाता एजेंसी के मार्फत 266 प्रशिक्षक कार्य कर रहे है।

- राज्य के 33 जिलों में खेलों को बढ़ावा देने व नियमित प्रशिक्षण देने के लिए क्षेत्रीय/जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के कार्यालय कार्यरत है। इन कार्यालयों में परिषद् का एक खेल अधिकारी/प्रभारी एवं मंत्रालयिक संवर्ग का कार्मिक तथा जिलों में प्रचलित खेलों के आधार पर आवश्यकता एवं उपलब्धताके अनुसार प्रशिक्षको को पदस्थापित किया जाता है। कार्यालयों व मैदानों के रख–रखाव के लिए चौकीदार एवं गेम्सबॉय भी कार्यरत रहते है।

- जिला खेल अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं प्रशिक्षको के सहयोग से विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ–साथ जिले के होनहार खिलाड़ियो को गहन प्रशिक्षण देने का कार्य भी करते है। साथ ही परिषद् की खेल योजनाओं का संचालन भी इन केन्द्रों के माध्यम से किया जाता है।

## आय–व्यय :–

| क्र.सं. | मद | 2024–25 में बजट राशि | 2024–2025 में व्यय राशि दिसम्बर 2024 तक |
|---|---|---|---|
| | | राशि (लाखों में) | राशि (लाखों में) |
| 1 | राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद :– राज्य निधि ''योजनाऐं'' | 6200.00 | 4472.00 |

## 4. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2024 में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ीः—

| क्र. सं | खिलाड़ी का नाम | खेल | प्रतियोगिता का विवरण | स्थान | पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुश्री अवनी लेखरा | पैरा शूटिंग | पेरिस पैरालंपिक (10मी. एयर राईफल स्टैंडिग**SH1**) | पेरिस, फ्रांस | स्वर्ण |
| 2 | मोना अग्रवाल | पैरा शूटिंग | पेरिस पैरालंपिक (10मी. एयर राईफल स्टैंडिग**SH1**) | पेरिस, फ्रांस | कास्यं |
| 3 | श्री सुन्दर सिंह गुर्जर | पैरा एथलेटिक्स | पेरिस पैरालंपिक (जेवलीन थ्रो एफ—46) | पेरिस, फ्रांस | कास्यं |
| 4 | नीतिका बंसल | वुशू | ब्रिक्स गेम्स, 2024 65 किलोग्राम भारवर्ग | कजान, रूस | रजत |
| 5 | जहान्वी मेहरा | वुशू | ब्रिक्स गेम्स, 2024 56 किलोग्राम भारवर्ग | कजान, रूस | कास्यं |

पेरिस ओलम्पिक में पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों को राज्य सरकार द्वारा कुल राशि रूपये 5.00 करोड पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है।

### राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2024 में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ीः—

- बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान की खुशबू ने 3000 मी. रेसवॉक 13.35.58 मिनट के साथ, मुस्कान ने 1000 मी. रेस 2.51.11 मिनट में और दीपेश ने भाला फेंक स्पर्धा 70 मी. थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता।
- नीलम चौधरी ने 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप की भाला फेंक स्पर्धा 42.31 मी. थ्रो में रजत और रवि ने डिस्कस थ्रो 52.95 मी., गजेन्द्र सिंह ने 200 मी. दौड 22.21 सैकंड और अंजली ने शॉटपुट स्पर्धा 13.71 मी. थ्रो में कांस्य पदक जीता।
- अंकित कंवर शेखावत ने बीएचयू, वाराणसी में आयोजित कुश्ती फेडरेशन कप 2024 सीनियर वर्ग की 76 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता।
- हरचरण सिंह ने नगरोटा, हिमाचल प्रदेश में आयोजित सीनियर नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता की 109 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीता।
- रक्षित सिंह चौधरी ने अण्डर—15 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता, नोएडा वर्ष 2024—25 में स्वर्ण जीता। 22वी नेशनल पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता वर्ष 2024—25 में 1500 मी. दौड में विक्रम कुमार मीणा ने स्वर्ण, राजेश यादव ने 5000 मी. दौड, राकेश भेड़ा ने 1500 मी. दौड में कांस्य पदक जीते।
- पैरा एथलीट नीरज ने 14वीं पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता, गुजरात में वर्ष 2024—25 में जेवलिन थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

### राष्ट्रीय स्तर पर टीम स्पर्धा में वर्ष 2024 में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ीः—

- श्री अनंतजीत सिंह नरूका और श्रीमती महेश्वरी चौहान ने 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप, नई दिल्ली—2024 में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- तीरंदाजी में स्वाती दूधवाल, सुप्यार व कृती स्वामी ने सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, जमशेदपुर (झारखंड) में कंपांउड स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- स्वाती दूधवाल सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, जमशेदपुर (झारखंड) मिक्स टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- 38वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता, पुदुचेरी में राजस्थान की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- 39वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता, कोलकाता में बास्केटबाल टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- 74 वीं जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता, इन्दौर मध्यप्रदेश में बास्केटबाल टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- 38वीं सब—जूनियर नेशनल हैण्डबॉल चैम्पियनशिप, गंगरार (चित्तौड़गढ) अंडर—16 टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

- 33वीं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता, पटना (बिहार) कबड्डी टीम ने रजत पदक जीता।
- जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता, कर्नाटका (बेलगांव) फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता।
- 76वी सीनियर 53वीं जूनियर 39वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय ट्रैक प्रतियोगिता, चैन्नई (तमिलनाडु) वर्ष 2024–25 टीम स्प्रिंट स्पर्धा में साईक्लिंग टीम ने रजत पदक जीता।
- 29वीं सीनियर जूनियर सब–जूनियर, एण्ड यूथ नेशनल रोड़ साईक्लिंग प्रतियोगिता, पुरी (उड़ीसा) वर्ष 2024–25 टीम टाईम ट्रायल स्पर्धा में साईक्लिंग टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

## 5. अनुदानः–

युवा मामले एवं खेल विभाग के अन्तर्गत राज्य में राजस्थान क्रीडा सहायता अनुदान नियम, 2022 लागू है, जिसके अन्तर्गत, सीनियर वर्ग को 100 प्रतिशत जूनियर वर्ग 75 प्रतिशत तथा सबजूनियर वर्ग को 50 प्रतिशत के अनुसार अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। अनुदान की राशि निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **अन्तर्राष्ट्रीय** | 5.00 लाख | 3.00 लाख | 2.50 लाख |
| 2 | **राष्ट्रीय** | 2.00 लाख | 1.50 लाख | 1.25 लाख |
| 3 | **राज्य स्तरीय** | 1.00 लाख | 0.50 लाख | 0.30 लाख |

टीम खेल में उपरोक्त वर्णित व्यक्तिगत पुरस्कार राशि को गुणात्मक कर भारत सरकार द्वारा निर्धारित निम्न मानदण्ड के अनुसार प्रत्येक खिलाडी को बराबर–बराबर देय होगी :–

1. एक टीम में 2 खिलाडी होने पर – पुरस्कार राशि का डेढ गुना देय होगी।
2. एक टीम में 3 से 4 खिलाडियों के होने पर – पुरस्कार राशि का दो गुना देय होगी।
3. एक टीम में 5 से 10 खिलाडियों के होने पर – पुरस्कार राशि का तीन गुना देय होगी।
4. एक टीम में 10 से अधिक खिलाडियों के होने पर – पुरस्कार राशि का पांच गुना देय होगी।

**नोट :– टीम श्रेणी की उपरोक्त शर्ते अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडियों पर लागू नही होगी।**
ओलम्पिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में पदक विजेता राज्य के खिलाड़ियों को निम्नानुसार अनुदान राशि दी जाती है :–

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ओलम्पिक** | 3.00 करोड | 2.00 करोड | 1.00 करोड |
| 2 | **एशियन** | 1.00 करोड | 60.00 लाख | 30.00 लाख |
| 3 | **कॉमनवेल्थ** | 1.00 करोड | 60.00 लाख | 30.00 लाख |

अनुदान नियमें में सम्मिलित खेल संस्थाओं को प्रतियोगिता आयोजन किये जाने पर निम्नानुसार अनुदान राशि देय की जाती है :–

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | न्यूनतम अनुदान राशि | अधिकतम अनुदान राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | अन्तर्राष्ट्रीय | 5.00 लाख (5 देशों की टीमें होने पर) | 10.00 लाख (10 एवं अधिक देशों की टीमें होने पर) |
| 2 | राष्ट्रीय | 3.00 लाख (8 राज्यों की टीमें होने पर) | 5.00 लाख (12 राज्यों की टीमें होने पर) |
| 3 | राज्य स्तरीय | 1.00 लाख (8 जिलों से अधिक की टीमें होने पर) | 2.00 लाख (12 जिलों से अधिक की टीमें होने पर) |

- 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक विभिन्न संघो/संस्थाओं को **27,00,000/–** रूपये जारी किये गये।
- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् से पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त राज्य खेल संघों से राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं एवं पूर्व प्रशिक्षण शिविरों के प्राप्त प्रस्तावों के

अनुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 में माह दिसम्बर 2024 तक विभिन्न खेलों की राज्य/राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं एवं पूर्व प्रशिक्षण शिविर हेतु राशि 56,57,166.00/– रूपये टी.ए. एवं डी.ए. की राशि खिलाड़ियों को भुगतान हेतु जारी की गई है। जिसका भुगतान संबंधित जिला खेल अधिकारियों द्वारा ऑनलाईन खिलाडियों के बैंक खातों में हस्तानान्तरित की जा रही है।

## 6. स्पोर्ट्स पर्सन पेंशन योजना

राजस्थान के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी जो सरकारी नौकरी अथवा सरकारी पेंशन प्राप्त नहीं कर रहे है, जिसमें ओलम्पिक, पैरा ओलम्पिक, एशियन गेम्स, पैरा एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, पैरा कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक विजेता खिलाडी तथा अर्जुन एवं द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित खिलाडी/प्रशिक्षक को 40 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर प्रतिमाह 20,000 रूपये पेंशन देने का प्रावधान है। यह प्रावधान वर्ष 2023–24 से लागू है।

## 7. खेल गतिविधियां एवं कार्यक्रम :–

### जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2024–25

- वर्ष 2024–25 में जनजाति खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जनजाति क्षेत्र के **उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, बांरा एवं सलूम्बर जिलों में आयोजित किया गया।**
- जिलास्तरीय जनजाति प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 नवम्बर, 2024 तक किया गया।
- राज्य स्तरीय जनजाति प्रतियोगिता 25 से 27 नवम्बर, 2024 तक आयोजित की गई।
- जनजाति खेलकूद प्रतियोगिताओं में 182 खिलाडियों ने भाग लिया, जिसमें 99 बालक और 83 बालिकाए शामिल है।
- राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिताओं में जनजाति क्षेत्र के 7 जिलों (उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, बांरा एवं सलूम्बर) के लगभग 1300 बालक/बालिकाओं एवं ऑफिशियल्स ने भाग लिया।
- खिलाड़ियों को आवास, भोजन, यात्रा भत्ता, ट्रेक सूट एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण–पत्र राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा दिया गया।

### ❖ केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर, जयपुर 2024–25

- जयपुर में दिनांक 11.06.2024 से 30.06.2024 तक 64वां केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर, जयपुर 2024–25 आयोजित किया गया। शिविर में 200 बालक व 180 बालिकाओं सहित कुल 380 खिलाडियों ने भाग लिया।

### ❖ केन्द्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर, बांसवाड़ा 2024–25

- केन्द्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर, बांसवाड़ा 2024–25 का आयोजन किया गया, जिसमें 151 बालक और 122 बालिकाओं सहित कुल 273 खिलाडियों ने भाग लिया।
- केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर, जयपुर में आयोजन पर लगभग राशि रू. 45.00 लाख एवं केन्द्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर, बांसवाडा में आयोजन पर लगभग राशि रू. 43.00 लाख का व्यय किया गया है।

## 8. आवासीय खेल अकादमियां:–

- राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद्, जयपुर द्वारा वर्ष 2024–25 में खेल विशेष के चयनित खिलाडियों को एक स्थान पर आवासित कर उनके खेलों में तकनीकी दीक्षा उपलब्ध करवाने हेतु अकादमियों का संचालन कर योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है।

- आलोच्य वर्ष में 10 खेलों में 22 अकादमियों का संचालन राज्य के 13 जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है।
- वर्तमान में इन अकादमियों के लिए स्वीकृत 646 खिलाड़ियों के विरूद्ध 511 खिलाड़ी अकादमियों में आवासित है।
- आवासीय खेल अकादमियों में भर्ती खिलाडी विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेजों में अध्ययनरत है, जिसका व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। वर्तमान में सरकारी, निजी विधालय और कॉलेजों में क्रमशः 163, 258 तथा 82 खिलाडी अध्ययनरत है।

<u>बालिका एवं बालक कबडडी अकादमी, राजगढ, चूरू</u>

- चूरू में बालक व बालिका कबड्डी अकादमी वर्ष 2022 में खोली गई। इस अकादमी में 50 खिलाडियों की स्वीकृति प्रदान की गई और अभी 42 खिलाडी आवासित है।
- सीमा ने 33वीं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता, पटना (बिहार) में 31 मार्च 03 अप्रेल 2024 तक आयोजित कबड्डी स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- सुखमन कौर ने 02 से 08 जनवरी 2024 तक आयोजित 67वीं राष्ट्रीय अण्डर–17 विद्यालयी प्रतियोगिता, जयपुर में कांस्य पदक जीता।
- सुमनदीप कौर ने 29 दिसम्बर से 05 जनवरी 2024 तक आयोजित 49वीं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता, तेलंगाना में भाग लिया।
- खुशबू जोशी ने 15 से 20 नवम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय अण्डर–17 विद्यालयी प्रतियोगिता, मध्यप्रदेंश में भाग लिया।
- निर्मला और करण चौधरी ने 07 से 11 दिसम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय अण्डर–19 विद्यालयी प्रतियोगिता, भिवानी हरियाणा में भाग लिया।
- अक्षिता, कमला, मंजीता, मोना, कोमल जाट, तानिया, खुशबू, मनीषा, रिताक्षी, सुमन और कंचन ने 17 से 24 सितम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय अण्डर–17 विद्यालयी प्रतियोगिता, अनूपगढ ने रजत पदक जीता।
- मोनिका, सुखमन कौर, निर्मला, कोमल कंवर, रेखा, सन्या, आयुषी, निशा, अनिता और साक्षी ने 17 से 24 सितम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय अण्डर–19 विद्यालयी प्रतियोगिता, अनूपगढ में कास्यं पदक जीता।

<u>बालक एथलेटिक्स अकादमी, श्रीगंगानगर</u>

- बालक एथलेटिक्स अकादमी, श्रीगंगानगर में 2013 में खोली गई। इस आकदमी के लिए 30 खिलाडी स्वीकृत किए गए और 28 अभी उपस्थित है।
- बालक एथलेटिक्स अकादमी, श्रीगंगानगर अकादमी के रोहित ने लखनउ में 26 से 30 नवम्बर, 2024 तक नेशनल स्कूल गेम्स, 2024 की जेवलिन थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- भूवनेश्वर, उडीशा में 7 से 11 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित 39वी राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में यशवीर 400मी., कृष्णपाल बेनिवाल 60मी. व पेन्थालोन, शिशपाल गोदारा 600मी., सोनू गुर्जर 1000मी. रोहित हाई जम्प और आर्यन खान ने चार गुना 400 रिले की स्पर्धा में भाग लिया

<u>बालक फुटबाल अकादमी, जोधपुर</u>

- वर्ष 2010 में बालक फुटबाल अकादमी, जोधपुर में खोली गई (स्वीकृत 40 व उपस्थिति 40)
- बालक फटबॉल अकादमी के 37 खिलाडियों ने विधा भारती द्वारा आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

<u>बालक हैंडबाल अकादमी, जैसलमेर</u>

- बालक हैण्डबाल अकादमी, जैसलमेर में 2021 में खोली गई (स्वीकृत 30 व उपस्थिति 30)।
- महेन्द्र पाल सिंह ने जयपुर में 10 से 14 जुलाई, 2024 तक आयोजित एशियन आईएचएफ ट्रॉफी फेज–1 एशिया जोन यूथ में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा सिंह ने 03 से 14 सितम्बर 2024

तक अम्मान, जोर्डन में आयोजित 10वीं एशियन मैन्स यूथ हैंडबाल चैम्पियनशिप और लखनउ में 03 से 07 जनवरी, 2025 तक आयोजित आईएचएफ ट्रॉफी एशिया में भाग लिया।

- लाल सिंह, अनिल स्वामी और अजयराज यादव ने गंगरार चित्तौड़गढ में 07 से 11 फरवरी 2024 (अंडर–16) आयोजित 38वीं सब–जूनियर नेशनल हैण्डबॉल चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- अर्जुन सिंह रावत, आशिष कुमार, गौरव वर्मा और महेन्द्र पाल सिंह ने हिसार हरियाणा में 05 से 09 जनवरी 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय विद्यालयी छात्र (19 वर्षीय) हैण्डबॉल प्रतियोगिता सत्र 2023–24 प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

<u>बालिका एथलेटिक्स अकादमी, जयपुर</u>

- बालिका एथलेटिक्स अकादमी, जयपुर में वर्ष 2011 में खोली गई (स्वीकृत 15 व उपस्थिति 13)।
- सुश्री गुंजन, सुश्री रचना, सुश्री हेमलता, सुश्री पुनम, सुश्री खुशी, सुश्री प्रिया, सुश्री पायल राठौड, सुश्री रामेश्वरी और पायल कंवर ने दिनांक 05.11.2024 से 11.11.2024 तक शाहपुरा, भीलवाडा में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया।

<u>बालक कबड्डी अकादमी, करौली</u>

- बालक कबड्डी अकादमी, करौली में वर्ष 2011 में खोली गई (स्वीकृत 25 व उपस्थिति 25)।
- श्री राकेश और अजय ने गुडगांव, हरियाणा में दिनांक 13.09.2024 से 15.09.2024 तक आयोजित कबड्डी अंडर–19 प्रतियोगित वर्ष 2024–25 में स्वर्ण पदक जीता।

<u>बालक तीरंदाजी अकादमी, डूंगरपुर</u>

- बालक तीरंदाजी अकादमी, डूंगरपुर में वर्ष 2021 में खोली गई (स्वीकृत 15 व उपस्थिति 15)।
- श्री हिमेश बरण्डा ने जयपुर में दिनांक 30.09.2024 से 04.10.2024 तक आयोजित सीनियर जूनियर स्कूली स्टेट तीरंदाजी प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया।

<u>बालिका तीरंदाजी अकादमी, जयपुर</u>

- बालिका तीरंदाजी अकादमी, जयपुर में वर्ष 2013 में खोली गई (स्वीकृत 15 व उपस्थिति 6)।
- सुश्री लवली ने दिनांक 24.08.2024 से 28.08.2024 तक जयपुर में आयोजित सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 के इंडियन राउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसने जूनियर प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीता।

<u>बालक तीरंदाजी अकादमी, उदयपुर</u>

- बालक तीरंदाजी अकादमी, उदयपुर में वर्ष 2013 में खोली गई (स्वीकृत 15 व उपस्थिति 15)।
- श्री चिराग ननोमा ने दिनांक 27.10.2024 को जयपुर में आयोजित हुई सीनिर जूनियर स्टेट तीरंदाजी प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 के रिकर्व रांउड स्पर्धा में भाग लिया।

<u>बालक सीनियर बास्केटबाल अकादमी, जयपुर</u>

- बालक बास्केटबाल अकादमी, जयुपर में वर्ष 2015 में खोली गई (स्वीकृत 25 व उपस्थिति 12)।
- श्री ऋषि राजोरा, श्री उमेश और श्री भोजराज ने पाली में दिनांक 29.09.2024 से 05.10.2024 तक आयोजित 68वी राज्य स्तरीय एसजीएफआई प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में स्वर्ण पदक जीता।

<u>बालक बास्केटबाल अकादमी, जैसलमेर</u>

- वर्ष 2012 में जैसलमेर में बालक बास्केटबाल अकादमी स्थापित की गई। 40 खिलाडियों की स्वीकृति प्रदान की गई थी और इतने ही खिलाडी अकादमी में है।
- संस्कार सैनी और भुपेन्द्र सिंह राठौड ने 38वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता (17 वर्ष), पुदुचेरी और 39वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता, कोलकाता में स्वर्ण पदक जीता।
- मोहम्मद रज्जा ने 29 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2024 तक आयोजित 39वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता, कोलकाता में स्वर्ण पदक जीता।

- मनीष कुमार माल और गेमर सिंह ने 09 से 15 अप्रेल 2024 तक आयोजित 38वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।
- अजय कुमार ने इन्दौर मध्यप्रदेश में 08 से 14 मई 2024 में आयोजित 74 वीं जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और 73 वीं जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।
- भवानी सिंह राठौड़ और अनुराग सिंह ने कोयम्बटूर, तमिलनाडू में 19 से 25 जनवरी 2024 में आयोजित खेलो इण्डिया नेशनल यूथ गेम्स में रजत पदक जीता। भवानी सिंह राठौड़ ने 73 वीं जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।
- मुकेश कुमार, दलीप और शुभान्शु ने राजनानंदा गॉव, छात्तीसगढ में आयोजित राष्ट्रीय विधालयी बास्केटबाल प्रतियोगिता 14 वर्ष में कास्यं पदक जीता।

<u>बालिका हॉकी अकादमी, अजमेर</u>

- वर्ष 2008 मे बालिका हॉकी अकादमी की स्थापना अजमेर में की गई। स्वीकृत संख्या 35 में से 30 खिलाडी अकादमी में है। सिकन्दराबाद, तेलंगाना में 22.11.2024 से 06.12.2024 तक आयोजित 14वी सबजूनियर हॉकी चैम्पियनशिप में लक्ष्मी, सालिनी लामोरिया, माया, पायल अक्षिता रानी, नर्मदा और यशस्वी सिंह राजातवत ने भाग लिया।
- रोहतक, हरियाणा में 22.11.2024 से 27.11.2024 तक आयोजित 68वी राष्ट्रीय स्कूल गेम्स मे रविना, पुष्पा कंवर, यशस्वी, जिंगर और मुस्कान ने भाग लिया।

<u>बालक वॉलीबाल अकादमी, झुंझुनूं</u>

- बालका वॉलीबाल अकादमी, झुंझुनूं में वर्ष 2013 में खोली गई (स्वीकृत 30 व उपस्थिति 28)
- बरेली, उत्तरप्रदेश में 06.11.2024 से 10.11.2024 तक आयोजित 68वी राष्ट्रीय स्कूली (17 वर्ष) प्रतियोगिता में सायर चौधरी और यशवतं ने रजत पदक जीता।
- कोसकी, तेलंगाना में 22.12.2024 से 26.12.2024 तक आयोजित 68वी राष्ट्रीय स्कूली (19 वर्ष) प्रतियोगिता में नितेश ने भाग लिया।

<u>बालिका फुटबाल अकादमी, कोटा</u>

- बालिका फुटबाल अकादमी, कोटा में वर्ष 2017 में खोली गई (स्वीकृत 30 व उपस्थिति 28)
- मुन्नी, दुर्गा कंवर, दशु कंवर, लिछमी कंवर, राधा गोदारा, हंसा कंवर, संजू कंवर, मंजू कंवर, सुमन कंवर, संतोष कंवर, गुडडू कंवर, भावनां कवंर और कुमकुम ने 27.07.2024 से 09.08.2024 तक बेलगांवर, कर्नाटका में आयोजित जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबाल प्रतियोगित में स्वर्ण पदक जीता।
- सुमन कंवर, तमन्ना, मंजू कंवर, दशु कंवर, हंसा कंवर और मुन्नी ने 06.12.2024 से 10.12.2024 तक जम्मू एंड कश्मीर मे आयोजित अंडर–17 नेशनल छात्रा फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लिया।

<u>बालक कुश्ती अकादमी, भरतपुर</u>

- बालक कुश्ती अकादमी, भरतपुर में वर्ष 2017 में खोली गई (स्वीकृत 30 व उपस्थिति 25)।
- नोएडा में 28.03.2024 से 30.03.2024 तक आयोजित अंडर–15 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में श्री रक्षित सिंह चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता।
- श्री अनिरूद्ध  और श्री योगेश गुर्जर ने 23.10.2024 से 27.10.2024 तक मेरठ में आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता 2024–25 में कास्यं पदक जीता।

<u>बालक साईक्लिंग अकादमी, बीकानेर</u>

- वर्ष 2017 में बालक साईक्लिंग अकादमी, बीकाने की स्थापना की गई। (स्वीकृत 30 व उपस्थिति 16)।
- श्री हरिप्रकाश ने 15.11.2024 से 20.11.2024 तक चैन्नई में आयोजित 76वीं सीनियर 53वीं जूनियर 39वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय ट्रैक प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 की टीम स्प्रिंट में रजत पदक जीता।

- श्री कुशाल जाट ने 15.11.2024 से 20.11.2024 तक चैन्नई में आयोजित 76वीं सीनियर 53वीं जूनियर 39वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय ट्रैक प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 की 500मीं. टाईम ट्राईल में भाग लिया।
- श्री शिवरत ने 15.11.2024 से 20.11.2024 तक चैन्नई में आयोजित 76वीं सीनियर 53वीं जूनियर 39वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय ट्रैक प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया और पुरी उडीसा में 7.12. 2024 से 10.12.2024 तक आयोजित 29वीं सीनियर जूनियर सब जूनियर, एण्ड यूथ नेशनल रोड साईक्लिंग प्रतियोगित वर्ष 2024–25 की टीम टाईम ट्राइल में स्वर्ण पदक जीता।

<u>बालिका वॉलीबाल अकादमी, जयपुर</u>

- वर्ष 2011 में जयपुर में शुरू हुई बालिका वॉलीबाल अकादमी (स्वीकृत 16 व आवासित 16)।
- श्री रजनीश, सुश्री रचना, सुश्री सिया और सुश्री अनिता ने दिनांक 06.11.2024 से 10.11.2024 तक बरेली में आयोजित 68वीं स्कूली राष्ट्रीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप अंडर–17 में कांस्य पदक जीता।
- सुश्री गरिमा ने बनारस में दिनांक 10.12.2024 से 14.12.2024 तक आयोजित स्कूली नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप अंडर–14 में भाग लिया।

<u>बालिका बास्केटबाल अकादमी, जयपुर</u>

- जयपुर में वर्ष 2007 में बालिका बास्केटबाल अकादमी की स्थापना की गई। (स्वीकृत 20 व आवासित 20)।
- सुश्री सपना ने पटियाला, पंजाब में दिनांक 19.11.2024 से 26.11.2024 तक आयोजित स्कूली नेशनल बास्केटबाल टूर्नामेंट अंडर–19 वर्ष 2024–25 में रजत पदक जीता।

<u>बालिका हैंडबाल अकादमी, जयपुर</u>

- बालिका हैण्डबाल अकादमी, जयपुर में वर्ष 2012 में खोली गई (स्वीकृत 25 व उपस्थिति 25)।
- सुश्री टिना, सुश्री मनीषा और सुश्री मुस्कान ने चीन में दिनांक 14.08.2024 से 24.08.2024 तक आयोजित यूथ वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- सुश्री आरती ने नई दिल्ली में दिनांक 03.12.2024 से 10.12.2024 तक आयोजित एशियन सीनियर महिला हैंडबाल चैम्पियनशिप 2024 में भाग लिया।

<u>आवासीय खेल स्कूल, जयपुर</u>

- आवासीय खेल स्कूल, जयपुर में वर्ष 2021 में खोली गई (स्वीकृत 75 व उपस्थिति 22)।
- श्री सुन्नी गुर्जर, श्री इन्द्र सिंह, श्री आयुष, श्री जोयब, श्री हर्षवर्धन ने दिनांक 05.11.2024 से 11.11. 2024 तक चूरू में आयोजित एथलेटिक्स स्पर्धा में भाग लिया।

<u>बालक हॉकी अकादमी, जयपुर</u>

- बालक हॉकी अकादमी (स्वीकृत 30 व उपस्थिति 26)।
- श्री तनवीर सिंह, श्री एजाज बिसायती, श्री आदित्य यादव और श्री आर्यन चौधरी ने दिनांक 22.11. 2024 से 27.11.2024 तक रोहतक, हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय विधालय हॉकी प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया।
- श्री मानवेन्द्र गुर्जर और श्री रविन्द्र सिंह ने जालंधर, पंजाब में दिनांक 09.09.2024 से 19.09.2024 तक आयोजित राष्ट्रीय जूनियर हॉकी प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया।
- श्री तनवीर सिंह, श्री एजाज बिसायती, श्री प्रांशुल और श्री विकास मैला ने चण्डीगढ में दिनांक 27. 09.2024 से 09.10.2024 तक आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया।

<u>पैरा खेल अकादमी, जयपुर</u>

- पैरा खेल अकादमी, एथलेटिक्स व पॉवरलिफ्टिंग, जयपुर में वर्ष 2023 में खोली गई। इसमें 25 खिलाडियों की स्वीकृति प्रदान की गई थी, फिलहाल 9 खिलाडी आवासित है।
- श्री विक्रम कुमार मीना ने दिनांक 09.01.2024 से 13.01.2024 तक गोवा में आयोजित 22वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1500मी. में स्वर्ण पदक, श्री राजेश यादव 5000मी. स्पर्धा में कास्यं

पदक और श्री राकेश भेडा 1500मी. ने कांस्य पदक जीता जबकि श्री श्रीराम 100मी. स्पर्धा में भाग लिया।

- श्री विक्रम कुमार मीना ने गोवा में दिनांक 26.04.2024 से 28.04.2024 तक आयोजित 8वीं इन्टरनेशनल पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया।
- श्री नीरज ने गुजरात में दिनांक 25.04.2024 से 26.04.2024 तक आयोजित 14वी पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 की जेवलिन थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- श्री संदीप सिंह ने बैंगलौर में दिनांक 13.07.2024 को आयोजित 13वी जूनियर पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 में भाग लिया।

## 9. खेल स्टेडियम निर्माण एवं विकास कार्य :–

समन्वित स्टेडियम (आधारभूत सुविधाऐं) विकास कार्यक्रम, 2015 लागू किया गया है। जिसके तहत प्रत्येक संभाग, जिला, तहसील व ग्राम पंचायत स्तर पर खेल स्टेडियम निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किये जाने का प्रावधान रखा गया है :–

| क्र. सं. | स्थान | अनिवार्य भूमि | खेल सुविधाओं का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | संभाग स्तर के स्टेडियम | 10.00 हैक्टेयर | 400 मी0 एथलेटिक ट्रेक, फुटबाल, हॉकी, हैण्डबाल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, टेनिस, खो–खो, कबड्डी मैदान, तरणताल, इन्डोर स्टेडियम (बैडमिंटन, टेबल–टेनिस एवं कुश्ती इत्यादि), कार्यालय भवन, दर्शक दीर्घा, जिम्नेजियम, सिंथेटिक कवर रूप गैलेरी (10,000 सिटिंग कैपेसिटी) एवं लाईट व्यवस्था नियत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा सकता है। |
| 2 | जिला स्तर के स्टेडियम | 8.68 हैक्टेयर | 400 मी0 एथलेटिक ट्रेक, फुटबाल, हॉकी, हैण्डबाल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, टेनिस, खो–खो, कबड्डी मैदान, इन्डोर स्टेडियम (बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं कुश्ती इत्यादि), कार्यालय भवन, दर्शक दीर्घा, जिम्नेजियम, सिंथेटिक कवर रूप गैलेरी (10,000 सिटिंग कैपेसिटी) एवं लाईट व्यवस्था नियत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा सकता है। |
| 3 | उपखण्ड / तहसील पंचायत समिति स्तर के स्टेडियम | 8.00 हैक्टेयर | 200 मी0 एथलेटिक ट्रेक, बास्केटबाल, वॉलीबाल, खो–खो / कबड्डी मैदान, कार्यालय भवन, दर्शक दीर्घा एवं जिम्नेजियम नियत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा सकता है। |
| 4 | ग्राम पंचायत समिति | 3.00 एकड | स्थानीय स्तर पर जिला परिषद के माध्यम से मनरेगा योजनान्तर्गत प्रचलित At List One Outdoor Game का मैदान बनाये जाने का प्रावधान है। |

## 10. मेजर ध्यानचंद योजना अन्तर्गत

युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार के पत्रांक प.11(3)खेल / 2021 दिनांक 20.07.2021 एवं संशोधित आदेश 23.05.2023 के द्वारा परिपत्र जारी किया गया है। जिसके अनुसार विधायक–सांसद निधि / जनप्रतिनिधि / जन सहयोग / सीएसआर / नगर पालिका / नगर परिषद से प्राप्त राशि के बराबर या अधिकतम 100.00 लाख दिये जाने की स्वीकृति जारी की जाती है। अनुशंषा की राशि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद को प्राप्त होने के उपरान्त ब्लॉक स्तर पर खेल स्टेडियम निर्माण कार्य करवाये जाने की कार्यवाही की जाती है। योजना अन्तर्गत राज्य के विभिन्न ब्लॉक स्तर हेतु अनुशंषा प्राप्त होने के उपरान्त निर्माण कार्य करवाये गये है, जिससे की राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाऐ उपलब्ध हो रही है। मेजर ध्यानचंद योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य किये गये है / किये जा रहे है :–

| कुल स्वीकृत कार्य | पूर्ण | निर्माणाधीन | प्रक्रियागत | स्वीकृत बजट (लाख रू0) | कुल व्यय (लाख रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 8 | 3 | 11 | 1751.00 | 850.00 |

## कार्यों का विवरण

| S. No | District | Work Place | Sanct. Year | AS & FS (in Lacs) | Proposed Work | Physical Progress | Date of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Kota | Sangod | 2021-22 | 180.00 | Stadium Development Work | Work Complete. | Work Complete. |
| 2 | Bundi | Hindoli | 2021-22 | 200.00 | Stadium Development Work | Work Complete. | Work Complete. |
| 3 | Bundi | Nainwa | 2021-22 | 200.00 | Stadium Development Work | Work Complete. | Work Complete. |
| 4 | Hanumangarh | Nohar Vihani | 2021-22 | 100.00 | Indoor Hall | Work Complete. | Work Complete. |
| 5 | Tonk | Uniyara | 2022-23 | 50.00 | Boundary Wall, Renovation of Athletic Track, Maitenance of Basketball, Leveling of Football Ground, Renovation of Volleyball Ground, Handball Ground Volleyball Ground & Kho-Kho Ground | Work Complete. | Work Complete. |
| 6 | Sawai Madhopur | Choth Ka Varbada | 2023-24 | 20.00 | Stadium Development Work | Work Complete. | Work Complete. |
| 7 | Nagaur | Ladnu | 2023-24 | 50.00 | Stadium Development Work | Work Complete. | Work Complete. |
| 8 | Sirohi | Govt. S.S. School, Pindwada | 2022-23 | 50.00 | Stadium Development Work | Work Complete. | Work Complete. |
| 9 | Churu | Rajgarh | 2023-24 | 200.00 | Stadium Development Work | 30% | 31.08.2025 |
| 10 | Sri Ganganagar | Sahid Captain Navpal Singh Stadium, Sri Gan ganagar | 2023-24 | 50.00 | Stadium Development Work | 95% | 15.02.2025 |
| 11 | Sirohi | Govt. S.S. School, Paldi M, Sirohi | 2023-24 | 50.00 | Stadium Development Work | 90% | 31.03.2025 |
| 12 | Chittorgarh | Chittorgarh | 2022-23 | 38.00 | 400mtr. Synder Athletic Track, Kho-Kho Ground & Synder kabaddi Ground | NIT Process. | 31.08.2025 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Chittorgarh | Bhadesar | 2022-23 | 38.00 | 400mtr. Synder Athletic Track, Kho-Kho Ground & Synder kabaddi Ground | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 14 | Jalore | Sanchor | 2022-23 | 50.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 15 | Jaisalmer | Indira Gandhi Stadium, Jaisalmer | 2023-24 | 25.00 | Synthetic Handball Ground | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 16 | Hanumangarh | Rajiv Gandhi Stadium, Hanumangarh | 2023-24 | 50.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 17 | Rajsamand | Gaon Gurha Block Khamnor | 2023-24 | 50.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 18 | Kota | Piplda | 2024-25 | 50.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 19 | Kota | Sultanpur | 2024-25 | 50.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 20 | Bikaner | Poogal (PS) | 2024-25 | 30.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 21 | Bikaner | Chatargarh (PS) | 2024-25 | 20.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |
| 22 | Pali | Govt. Senior Seconday School, Bangar | 2024-25 | 200.00 | Stadium Development Work | NIT Process. | 31.08.2025 |

## 11 राज्य सरकार की वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं हेतु प्राप्त स्वीकृतियां

वित्तीय वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं में से निम्न निर्माण कार्यो की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी की गई है :–

| क्र. सं. | बजट घोषणा संख्या | स्वीकृत कार्य का नाम | प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करने का दिनांक | प्रस्तावित राशि (लाखों में) | कार्यकारी ऐजेन्सी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.01.2024 बोसाणा | ग्राम बोसाणा तहसील धोद में खेल स्टेडियम का निर्माण कराने की घोषणा। | 11.07.2024 | 150.00 | PWD |
| 2 | 217.01.00 | अजमेर जिला मुख्यालय पर Athletics खेल अकादमी की स्थापना की जायेगी। | 12.11.2024 | 30.00 | RSSC |
| 3 | 65.14.00 | सांगानेर–जयपुर में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण | 12.11.2024 | 200.00 | RSSC |

उपरोक्त निर्माण कार्य में बिन्दु संख्या–1 एवं 2 हेतु कार्यकारी एजेंसी द्वारा कार्यादेश दिया जा चुका है एवं बिन्दु संख्या–3 पर अंकित कार्यों हेतु निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## 12. खेलों इंडिया योजना

**इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण (स्टेडियम निर्माण)** :– भारत सरकार की खेलों इंडिया योजनान्तर्गत खेलों के विकास हेतु आधारभूत खेल संरचनाओं के निर्माण कार्य करवाये जाते है। योजनान्तर्गत सिन्थेटिक एथलेटिक्स ट्रेक, हॉकी एक्ट्रोटर्फ, फुटबॉल टर्फ, स्टेडियम

कॉम्पलेक्स, इण्डोर हॉल आदि के निर्माण कार्य करवाये जाने का प्रावधान है। योजना के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न जिलो में सिन्थेटिक एथलेटिक्स ट्रेक, इण्डोर हॉल, हॉकी एस्ट्रोटर्फ इत्यादि के निर्माण कार्य करवाये गये है, जिससे की राज्य के खिलाड़ियों को बहतर खेल सुविधाऐ उपलब्ध हो रही है।

| कुल स्वीकृत कार्य | पूर्ण | निर्माणाधीन | स्वीकृत राशि (करोड रू.) | कुल व्यय (करोड रू.) |
|---|---|---|---|---|
| 34 | 27 | 7 | 121.09 | 115.67 |

## कार्यों का विवरण

| Sr. No | Place | Challenges | Cost of Project (Rs. Crores) | Physical Progress | Date of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jodhpur | Multipurpose Indoor Hall | 6.71 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 2 | Karuali | Multipurpose Indoor Hall | 6.51 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 3 | Alwar | Multipurpose Indoor Hall | 6.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 4 | Churu | Laying of Synthetic Athletic Track | 6.30 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 5 | Maharana pratap Khel gaon, Udaipur | Synthetic Hockey Field | 5.50 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 6 | Bhapini | Indoor Hall | 4.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 7 | Khinwsar | | | | |
| 8 | Sunhel | | | | |
| 9 | Jaitaran | | | | |
| 10 | Siswali | | | | |
| 11 | Sri Ganganagar | Synthetic Athletic Track | 7.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 12 | Deedwana (Nagaur) | Academy Building & Solar Lights | 1.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 13 | Khinwsar (Nagaur) | Basketball, Volleyball, Solar Light, Water Tank & 200mtr. Athletic track | 1.50 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 14 | Jhunjhunu | Synthetic Athletic Track | 7.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 15 | Jhunjhunu | Multipurpos Indoor Hall | 8.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 16 | Dechu (Jodhpur) | Boundary wall, Basketball, Volleyball, Cricket Ground, Solar Lights, Office Building & Toilet Block. | 11.60 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 17 | Lohawat (Jodhpur) | Boundary wall, Basketball, Volleyball, Cricket Ground, Solar Lights, Office Building & Toilet Block. | | | |
| 18 | Bapini (Jodhpur) | Boundary wall, Basketball, Volleyball, Cricket Ground, Solar Lights, Office Building & Toilet Block. | | | |
| 19 | Sri Karanapur (Sri Ganganagar) | Indoor Hall & Toilet Block | | | |
| 20 | SMS Stadium, Jaipur | Badminton Arean with four championship Badminton courts with infrastructure | | | |
| 21 | SMS Stadium, Jaipur | One all glass championship court | | | |
| 22 | Bhilwara | Completion of Shooting Range | | | |
| 23 | Sikar | Multipurpose Indoor Hall | 3.99 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 24 | Rajiv Gandhi Stadium, Hanumangarh | Multipurpose Indoor Hall | 3.99 | **Work Complete** | **Work Complete** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | Shreenathpuram Sports Complex, Kota | Synthetic Athletic Track | 7.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 26 | Bhana (Rajasamand) | Hockey Astroturf | 5.00 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 27 | Senior Secondary School, Pragpura (Jaipur) | Multipurpose Indoor Hall | 2.99 | **Work Complete** | **Work Complete** |
| 28 | District Stadium, Chittoragarh | Multipurpose Indoor Hall | 4.50 | 70% | 31.03.2025 |
| 29 | Rajasthan Police Academy, Jaipur | Multipurpose Indoor Hall | 4.50 | 90% | 28.02.2025 |
| 30 | Lakheri (Bundi) | Multipurpose Indoor Hall | 4.50 | 80% | 31.03.2025 |
| 31 | Ramgajmandi (Kota) | Multipurpose Indoor Hall | 4.50 | 75% | 31.03.2025 |
| 32 | Sultanpur (Kota) | Multipurpose Indoor Hall | 4.50 | 55% | 31.05.2025 |
| 33 | Itawa (Kota) | Multipurpose Indoor Hall | 4.50 | 55% | 31.05.2025 |
| 34 | Kithana (Jhunjhunu) | Multipurpose Indoor Hall | 4.50 | 35% | 31.07.2025 |

## 13. खेलो इण्डिया केन्द्र :–

योजनान्तर्गत राज्य के 31 जिलो में खेलो इण्डिया केन्द्रो की स्थापना की गई है। केन्द्रो पर केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त अनुदान से खेल उपकरण एवं खेल प्रशिक्षक उपलब्ध करवाये गये है, जोकि जिले के खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करते है। प्रत्येक केन्द्र हेतु प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये की अनुदान राशि खेल उपकरण, ब्राण्डिग, मैदानों के रख–रखाव एवं प्रशिक्षको के मानदेय हेतु भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है।

### राजस्थान में खेलों इंडिया सेन्टर

कोटा में बॉक्सिंग में 30 खिलाड़ी, झुन्झुनू में एथलेटिक्स में 59, जोधपुर में फुटबॉल में 40, झालावाड़ में सॉफ्टबॉल में 31, जैसलमेर में बास्केटबॉल में 30, बांसवाड़ा में तीरंदाजी में 32, प्रतापगढ़ में आर्चरी में 29, चित्तौडगढ़ में बास्केटबॉल में 33, सवाई माधोपुर में फुटबॉल में 50, अजमेर में बास्केटबॉल में 30, बून्दी में वॉलीबॉल में 32, हनुमानगढ़ में एथलेक्टिस में 30, श्रीगंगानगर में एथलेटिक्स में 33, सिरोही में हॉकी में 35, उदयपुर में जूडो में 42, भरतपुर में सॉफ्टबॉल में 34, बीकानेर में साईक्लिंग में 34, बांरा में हॉकी में 30, भीलवाड़ा में कुश्ती में 32, डूंगरपुर में तीरंदाजी में 35, बाडमेर मे बास्केटबॉल में 30, पाली में बैडमिंटन में 28, करौली में कबड्डी में 25, नागौर में सॉफ्टबॉल में 30, अलवर में एथलेटिक्स में 35, राजसंमद में बैडमिंटन में 30, चुरू में वॉलीबॉल में 30, जयपुर में वूशु में 30, सीकर में बास्केटबॉल में 30 और टोंक में भारोत्तोलन में 32 खिलाड़ी शामिल है।

- 17 नवीन स्थानों पर भी खेलों इंडिया केन्द्र स्थापित करने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है। दिनांक 20.12.2024 को क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण गांधी नगर, गुजरात एवं सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के मध्य 17 नवीन स्थानों पर भी खेलों इंडिया केन्द्र स्थापित करने हेतु MoU पर हस्ताक्षर किए गए। परिषद द्वारा शीघ्र ही इन जिलों में खेलों इंडिया केन्द्रों का संचालन किया जायेगा।
- नवीन सेन्टरों में धौलपुर में फुटबॉल, ब्यावर में कुश्ती, डीडवाना कुचामन में बास्केटबॉल, केकड़ी में खो–खो, शाहपुरा में तैराकी, डीग में कुश्ती, गंगापुर सिटी में ताईक्वाडों, अनुपगढ़ में एथलेटिक्स, दूदू में खो–खो, जयपुर ग्रामीण में कबड्डी, खेरथल तिजारा में कुश्ती, कोटपूतली बहरोड में बास्केटबॉल, बालोतरा में वॉलीबॉल, जोधपुर ग्रामीण में कुश्ती, फलौदी में एथलेटिक्स, संचोर में सॉफ्टबॉल, नीम का थाना में कुश्ती, सलूंबर में फुटबॉल शामिल है।

## 14. बिना पारी नियुक्ति (**Out of Turn**) :—

राजस्थान क्रीड़ा पदक विजेताओं को बिना पारी नियुक्ति नियम 2017 (संशोधित नियम, 2022) के तहत् पदक प्राप्त खिलाडियों को उनकी उपलब्धियों की श्रेष्ठता के अनुरूप प्रवर्ग—क,ख एवं ग में लिपिक से लेकर पुलिस उप अधीक्षक के पदों पर नियुक्ति दी जाती है। अभी तक 307 खिलाडियों का नियुक्ति हेतु चयन किया जा चुका है।

दिनांक 31.12.2024 तक प्रवर्ग—क 16, प्रवर्ग—ख 03 एवं प्रवर्ग ग—125 के प्राप्त आवेदनों की जांच कर योग्य खिलाडियों के आवेदन विभागवार वरियता के साथ गठित स्पोर्ट्स मॉनिटरिंग सैल की अनुशंषा कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

..........................................................

## राजस्थान सरकार
## युवा मामले एवं खेल विभाग

युवा मामले एव खेल विभाग, राज्य में खिलाडियों को प्रोत्साहित करने, खेल वातावरण तैयार करने, आधारभूत खेल सुविधाएं विकसित करने, युवाओं में राष्ट्रीय एकता, शान्ति, सद्भाव तथा युवाओं के चारित्रिक विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील है।

### संगठनात्मक ढ़ाचा

शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग के नेतृत्व में सचिवालय स्तर पर दो उप शासन सचिव, एक सहायक शासन सचिव, एक वरिष्ठ लेखाधिकारी, एक अनुभागाधिकारी, एक सहायक अनुभागाधिकारी, एक लिपिक ग्रेड प्रथम, एक लिपिक ग्रेड द्वितीय एवं एक सहायक कर्मचारियों द्वारा युवा मामले एवं खेल विभाग से संबंधित समस्त कार्य सम्पादित किये जाते है। युवा मामले एवं खेल विभाग के अधीन राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर, राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर एवं राजस्थान युवा बोर्ड, जयपुर जो कि स्वायत्तशासी अनुदानित संस्थाएं है।

**बजट**

वार्षिक योजना वास्तविक 2024–2025 एवं व्यय राशि 2024–2025

(राशि रू. लाखों में)

| क्र.सं. | मद | वास्तविक बजट 2024–2025 | व्यय राशि 2024–2025 |
|---|---|---|---|
| 1. | युवा बोर्ड | 70.00 | 70.00 |
| 2. | युवा गतिविधियॉ | 4025.00 | 3372.17 |
| 3. | स्टेडियम निर्माण | 6800.00 | 3233.38 |
| 4. | एस.सी.एस.पी. | 2520.00 | 420.00 |
| 5. | टी.एस.पी. | 1960.00 | 920.00 |
| 6. | क्रीडा परिषद, जयपुर। | 4920.00 | 3956.15 |
| 7. | खेल संस्थान, जोधपुर। | 460.00 | 60.00 |
| 8. | स्पोटर्स लाईफ इन्श्योरेन्स स्कीम | 50.00 | * |
| 9. | स्टेट ऑफ आर्ट अल्ट्राफिटनेस सेन्टर, जयपुर। | 300.00 | * |
| 10. | स्टेट यूथ महोत्सव | 1000.00 | * |
| 11. | खेलों राजस्थान यूथ गेम्स | 2500.00 | * |
| 12. | महाराणा प्रताप स्पोट्र्स यूनिवर्सिटी | 2500.00 | * |
| | कुल | **27105.00** | **12031.70** |

- इन मदों में प्रारम्भिक तौर पर कार्य शुरू किया गया है तथा अभी तक कोई व्यय नहीं हुआ है। जिन मदों में राशि की आवश्यकता कम होगी उनमें संशोधित अनुमानों में संशोधन करवा लिया जाएगा।

सत्यमेव जयते

# राजस्थान युवा बोर्ड

(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)

## प्रगति प्रतिवेदन

## (सत्र 2024–25)



युवा महोत्सव 2025 में युवाओं को संबोधित करते खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़



युवाओ से संवाद करते खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़

प्रस्तावना :–

राजस्थान युवा बोर्ड, राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण 1958 के अन्तर्गत एक पंजीकृत संस्था है, जो कि प्रदेश में युवा मामले एवं खेल विभाग के नियंत्रण में राज्य में युवाओं के विकास की सर्वोच्च संस्था है। युवा बोर्ड, कार्यरत है जो कि **स्वायतशासी अनुदानित संस्था है।** युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, रोजगार, विज्ञान व तकनीकी में दक्षता, कार्यकुशलता व्यक्तिव विकास राजस्थान राज्य युवा बोर्ड का मुख्य ध्येय है।

साथ ही राजस्थान युवा बोर्ड का मुख्य उदेद्श्य''राज्य युवा नीति एवं राष्ट्रीय युवा नीति'' के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न युवा विकास कार्यक्रमों करके जैसेः–

1. एक उत्पादक कार्मिकशक्ति का सृजनः–शिक्षा, उद्यमिता, रोजगार तथा कौशल विकास।
2. एक सुदृढ़ व स्वस्थ पीढ़ी का विकासः–स्वास्थ्य, एवं स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली, खेलकूद।
3. सामाजिक मूल्य सिखना तथा सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देनाः–सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देना, सामुदायिक सहभागिता।
4. भागीदारी तथा लोक सहभागिता हेतु सुगमता प्रदान करनाः– राजनीति तथा प्रशासन में भागीदारी, युवाओं की सहभागिता।
5. जोखिमग्रस्त युवाओं की सहायता तथा सबके लिए समान अवसरों का सृजनः– समावेशन, सामाजिक न्याय।

अतः राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा विभिन्न युवा विकास कार्यक्रमों का आयोजन करके राज्य के युवाओं को उनकी पूरी क्षमताएं प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने तथा उनके माध्यम से राज्य को विश्व समुदाय में उचित स्थान प्राप्त करने में सक्षम बनाये जाने का प्रयत्न करता है।

# राजस्थान युवा बोर्ड का संगठनात्मक ढांचा

## 1. राजस्थान युवा बोर्ड का गठनः –

प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश दिनांक 25.01.2003 द्वारा राज्य में युवा बोर्ड के गठन का आदेश जारी किया गया।

## 2. जिला युवा बोर्ड का गठनः–

राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश दिनांक 29.07.2004 के द्वारा जिलों में जिला स्तर पर युवा बोर्ड के गठन का आदेश जारी किया गया। जिला युवा बोर्ड के अध्यक्ष जिला कलक्टर होते है तथा इसमें अधिकतम 4 गैर सरकारी सदस्यों व 6 पदेन सदस्यों का प्रावधान है।

राज्यस्थान सरकार
प्रशासनिक सुधार अनु– 3 विभाग

क्रमांक प. 6(27) प्र. स./ अनु.–3/2004 जयपुर दिनांकः

आज्ञा

महामहिम राज्यपाल महोदय, द्वारा जिलों में जिला स्तर पर युवा बोर्ड के गठन निम्नानुसार किये जाने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

| | |
|---|---|
| 1. जिला कलक्टर– | अध्यक्ष |
| 2. उप निर्देशक, राष्ट्रीय केडिट कोर– | सदस्य |
| 3. कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना– | सदस्य |
| 4. सी.ओ. स्काण्उट एवं गाइड– | सदस्य |
| 5. जिला शिक्षा अधिकारी– | सदस्य |
| 6. खेल अधिकारी, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र– | सदस्य |
| 7. समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र– | सदस्य सचिव |
| 8. गैर सरकारी सदस्य (अधिकतम –चार) (जिला कलक्टर द्वारा) | सदस्य |

3. <u>राजस्थान युवा बोर्ड के उद्देश्य</u> :–

1. राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता तथा साम्प्रदायिकता सद्भाव के लिए युवाओं की भागीदारी की विशेष कार्य योजना तैयार करना ताकि राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी निश्चित हो सके।
2. युवाओं में देश एवं राज्य की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक धरोहर के प्रति चेतना जागृत करना।
3. राष्ट्र और समाज के समन्वित विकास में युवकों तथा युवतियों को प्रेरित एवं सम्मिलित करने हेतु कार्यक्रम तैयार करना।
4. युवाओं में अहिंसा, सामूहिक श्रमदान, खादी ग्रामोद्योग एवं रचनात्मक कार्यों के लिए चेतना जागृत करना।
5. युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नीति निर्धारण हेतु राज्य सरकार को परामर्श करना।
6. युवाओं में भावी नेतृत्व के गुणों का विकास करना।
7. राज्य के विभिन्न विभागों तथा सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा संचालित समन्वय स्थापित करना।
8. राज्य में युवकों के लिए चल रहे कार्यक्रम का मूल्यांकन करना।
9. युवाओं के लिए रोजगार के वैकल्पिक उपाय खोजना तथा बेरोजगार युवकों की सकारात्मक दिशा हेतु प्रेरित करना।
10. युवाओं को सामाजिक कुरीतियों से लड़ने हेतु प्रेरित करना तथा उन्हें सामाजिक सेवा की गतिविधियों में प्रेरित करना।
11. शिक्षण संस्थाओं में बेहतर वातावरण तैयार करने के उपायों पर चर्चा करना एवं इस हेतु बनायी जाने वाली योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना।
12. युवा साहित्यकारों, कलाकारों तथा शिल्पियों आदि की पहचान कर उनको सम्मानित करने हेतु कार्य योजना तैयार करना।
13. युवा शक्ति को खेलकूद व अन्य शारीरिक गतिविधियों के रचनात्मक कार्यों में लगाना।
14. गांधीदर्शन को वर्तमान परिपेक्ष्य में अंगीकार करना।
15. युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास तथा न्याय की भावना जागृत करना।
16. युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दृष्परिणामों से परिचित करा कर उनमें नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना।
17. युवाओं को राज्य के आर्थिक एवं तकनीकी विकास में सक्रिय भागीदार हेतु प्रेरित करना।
18. युवा बोर्ड के लिए उपलब्ध बजट प्रावधानों के अनुसार योजनाबनाना एवं उनका क्रियान्वयन करना ।

स्वीकृत–कार्यरत तथा रिक्त पदों का विवरण:–

1. सदस्य सचिव–प्रतिनियुक्ति (कार्यरत)
2. एक सहायक लेखाधिकारी I– प्रतिनियुक्ति पर (कार्यरत)
3. एक निजी सहायक– प्रतिनियुक्ति (कार्यरत)
4. एक वरिष्ठ लिपिक– प्रतिनियुक्ति (कार्यरत)
5. दो कनिष्ठ लिपिक– प्रतिनियुक्ति (रिक्त)
6. तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–प्रतिनियुक्ति (रिक्त)

- दो कम्प्यूटर ओपरेटर संविदा पर (कार्यरत)
- तीन च.श्रे. कर्मचारी संविदा पर–(कार्यरत)

## स्वीकृत बजट :–

| क्र.सं | वित्तीय वर्ष | युवा बोर्ड राशि संवेतन/गैर– संवेतन | युवा विकास गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 1 | 2022–23 | 91.00 लाख | बजट घोषणा 41.00 Nehru Youth Transit Hostel and Facilitation Centre हेतु राशि 300.00 करोड़ रूपये स्वीकृत |
| 2 | 2023–24 | 75.00 लाख (संवेतन)<br>13.50 लाख<br>(गैर संवेतन) | जिला एवं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव एवं राजीव गांधी आदान–प्रदान कार्यक्रम हेतु 51.19 करोड़ |
| 3 | 2024–25<br>2024–25 | 701.06 लाख | ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव तथा यूथ आइकॉन अवार्ड |
| | | 415.10 लाख | 10 संभाग मुख्यालय पर युवा साथी केन्द्र की स्थापना |

## वित्तीय वर्ष 2024–25 में किये गये प्रमुख कार्यः–

1. राष्ट्रीय एकता दिवस–लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अन्तर्गत दिनांक 29.10.2024 को सुबह 7.00 बजे अमर जवान ज्योति से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम एनसीसी, एनवाईकेएस, एनएसएस, हिन्दुस्तान/भारत स्काउट एवं गाइड तथा विभिन्न राजकीय एवं गैर राजकीय स्कूलों के युवाओं ने सहभागिता की है।

2. ''संविधान दिवस''– संविधान के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर दिनांक 26 नवम्बर, 2024 को समय दोपहर 03:00 बजे पदयात्रा ''चित्रकूट स्टेडियम'' (वैशाली नगर के पास) आयोजित की गई जिसमें माननीय मंत्री महोदय, युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा पदयात्रा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जिसमें एनसीसी, एनवाईकेएस, एनएसएस, हिन्दुस्तान/भारत स्काउट एवं गाइड तथा विभिन्न राजकीय एवं गैर राजकीय स्कूलों के युवाओं ने सहभागिता की है।

3. राजस्थान युवा बोर्ड एवं जीसीईसी ग्लोबल फांउडेशन जयपुर के सयुंक्त तत्वावधान में **''कॉमर्स क्लेव 2024'' कार्यक्रम दिनांक 04 दिसम्बर 2024 को राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर में** आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में अध्ययनरत कॉमर्स वर्ग एवं मानविकी वर्ग के विद्यार्थीयों को अन्तराष्ट्रीय स्तर के विषय –विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क Counselling और मार्गदर्शन के माध्यम से सरकारी/निजी क्षेत्रों में उनके स्वर्णिम करियर की जानकारी एवं व्यक्तिव एवं नेतत्व विकास संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया गया।

4. बजट घोषणा वर्ष 2024–25 बिन्दु संख्या 67राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज़ पर Youth Day (12 जनवरी) के अवसर पर ''राज्य युवा महोत्सव'' आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की भांति Rajasthan Youth Icon Award दिया जायेगा की क्रियान्विति हेतुब्लॉक, जिला, संभाग स्तरीय ''युवा महोत्सव'' ''विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार'' (Innovation in Science & Technology) थीम पर आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जैसेः– 1.Thematic (विज्ञान/डिजिटल मेला आयोजन) 2. सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं (सामुहिक लोक गायन, सामुहिक लोकनृत्य, एकल लोक गायन, एकल लोक नृत्य) 3. Life Skill (कविता पाठ, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण) 4. Yuva Kriti- (हस्त कला, वस्त्र कला, कृषि उत्पादक)5. राजस्थान की लुप्त कला जैसेः– फड, रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा, माण्डणा, लांघामॉगणीहार, कठपुतली, खडताल, मोरचंग, भपंग आदि) आयोजित की गई। यह महोत्सव ब्लॉक स्तर युवा महोत्स दिनांक 30 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित की गई जिसमें प्रथम विजेता सांस्कृति युवा कलाकारों को एकल एवं समुह प्रतियोगिता में प्रति सदस्य को राशि 250/– रूपये, एक स्मृति चिन्ह एवं एक प्रमाण–पत्र, जिला स्तर युवा महोत्सव दिनांक 11 दिसम्बर, से 17 दिसम्बर 2024 तक आयोजित की गई जिसमें प्रथम विजेता सांस्कृति युवा कलाकारों को एकल एवं समुह प्रतियोगिता में प्रति सदस्य को राशि 1000/– रूपये, एक स्मृति चिन्ह एवं एक प्रमाण–पत्र,एवं संभाग स्तर युवा महोत्सव दिनांक 18 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक आयोजित की गई जिसमें जिसमें प्रथम विजेता सांस्कृति युवा कलाकारों को एकल एवं समुह

प्रतियोगिता में प्रति सदस्य को राशि 1500/— रूपये, एक स्मृति चिन्ह एवं एक प्रमाण—पत्र से सम्मानित किया गया।राजस्थान युवा महोत्सव में राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट के पोर्टल पर लगभग 2.00 लाख युवाओ ने ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया गया।

5. **मोटिवेशन युवा संवाद'' कार्यक्रम**—राजस्थान युवा बोर्ड एवं पूर्णिमा कॉलेज जगतपुरा सीतापुरा जयपुर के सयुंक्त तत्वावधान में ''मोटिवेशन युवा संवाद'' कार्यक्रम दिनांक 06.12.2024 को सफल आयोजन किया गया, जिसमें एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट गाईड के स्वयं सेवक/केडेट युवाओं को मोटिवेशन किया गया।

6. **रन फॉर विकसित राजस्थान— 2024'' (रवि—राज)**—राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर **''रन फॉर विकसित राजस्थान— 2024'' (रवि—राज)** के दिनांक 12 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 08.00 बजे अमर जवान ज्योति (जनपथ) के सामने से आरम्भ होकर सवाई मानसिंह स्टेडियम का पूर्ण चक्कर लगाकर टोंक रोड़ से रामबाग सर्किल से डॉ. भीम राव अम्बेडकर सर्किल से अमर जवान ज्योति तक आयोजित की गई जिसमें 25000 युवाओं (विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय के), स्वंय सेवक संस्थाओं के युवा (एन.एस.एस, एन.सी.सी., भारत स्काउट व गाइड, हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड, एन.वाई.के.एस.) सरकारी व गैर सरकारी संगठनों, खिलाडियों, पुलिस, आरएसी, सेना, होमगार्ड, विभिन्न कर्मचारी संघ,एवं आमजन ने भाग लिया। सेना, राजस्थान पुलिस, आरएसी एवं निजी विद्यालय/महाविद्यालय यथा—एमजीडी स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर स्कूल इत्यादि ने बैंडवादन किया गया।

7. राइजिंग यूथः— विजनेस रैंकर्स राइजिंग यूथ पाथवे 2047 एजुकेटर्स शेपिंग द फ्यूचर एवं राजस्थान युवा बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 को होटल क्लार्क्स आमेर जयपुर में एक ऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और स्कूल शिक्षा, कौशल विकास रोजगार और उद्यमिता ,पर्यटन और उच्च और तकनीकी शिक्षा, कुलाधिपति, रजिस्ट्रार और प्रधानाचार्यों, यूनिसेफ संस्थाओं ने भाग लिया जिसमें उत्कृष्ट युवाओं और शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

8. विकसित भारत यंग लिडरशिप डायलोग— ''विकसित भारत यंग लिडरशिप डायलोग'' के अन्तर्गत माय भारत पोर्टल के माध्यम से ''विजन पिच प्रजेन्टेशन चैम्पीयनशिप'' प्रस्तुतीकरण दिनांक 26 दिसम्बर 2024 को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित कर 39 युवाओं को चयन किया गया जो 28वॉ राष्ट्रीय युवा महोत्सव, नई दिल्ली में सहभागिता करेगें।

9. नवीन राज्य युवा नीति का मसौदा (प्रारूप) तैयार करने हेतु युवा संसद/युवा परिसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूएनएफपीए के तकनीकी सहयोग से नवीन राज्य युवा नीति का अन्तिम ड्राफ्ट तैयार कर प्रशासनिक विभाग को प्रेषित किया गया।

## विभागीय प्रमुख कार्य तथा प्रत्येक प्रमुख कार्य के विरूद्ध आलोच्य वर्ष में प्रगति एवं उसकी विगत 3 वर्षों से तुलना

बजट घोषणा वर्ष 2021–22 के बजट घोषणा संख्या 66–यूथ हॉस्टल, जयपुर को 'यूथ एक्सीलेंस सेंटर' के रूप में विकसित करने हेतु 'राजीव गाँधी यूथ एक्सीलेंस सेंटर' का निर्माण कार्य पूण किया गया। साथ ही राज्य में युवाओं को अच्छी सुविधा देने हेतु यूथ हॉस्टल उदयपुर, जोधपुर, अजमेर की साज–सज्जा व सुदृढ़ीकरण के कार्य हेतु उदयपुर, अजमेर की साज–सज्जा व सुदृढ़ीकरण के कार्य पूर्ण किया गया।

## आलोच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धियां

- Key Performance Indicators (KPI)के तहत एवं राज्य सरकार की घोषणा पत्र के अनुसार नशामुक्ति जन चेतना कार्यक्रम 10 जिलों में आयोजित किया जा रहा है।
- समस्त 10 संभागों में ''युवा साथी केन्द्र'' खोले जा रहे है।

''राज्य के युवा वर्ग को सशक्त एवं सक्षम कर उनका सर्वांगीण विकास करना ही राजस्थान युवा बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है।''

# राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर

## 1. राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर की स्थापना :–

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा राजस्थान प्रान्त के वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट प्रस्तुतिकरण के दौरान बजट के बिन्दु संख्या 38(IV) द्वारा राजस्थान राज्य के उभरते हुये उदयमान खिलाड़ियों के लिये अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधाओं को विकसित करके उच्च कोटि का प्रशिक्षण प्रदान करने व विभिन्न खेलों में प्रशिक्षकों (एक्सपर्ट) द्वारा चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने हेतु जोधपुर में राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान की स्थापना की घोषणा की गई, जिसकी क्रियान्विति के फलस्वरूप दिनांक 11.11.2022 को राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविधालय, जोधपुर के प्रांगण में क्रीड़ा संस्थान की स्थापना की गयी तथा संस्थान का पंजीयन राजस्थान सोसाइटीज् रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1958 के अन्तर्गत करवाया गया, जिसका पंजीयन क्रमांकCOOP/2022/JODHPUR/203591दिनांक 01.04.2023 है।

इस संस्थान की स्थापना से पूर्व शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर, राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्यरत रहा तथा अब शिक्षा विभाग से शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय को खेल विभाग के अन्तर्गत स्थानान्तरित किये जाने के फलस्वरूप शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, इस संस्थान के अधीन कार्यरत रहेगा तथा शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में पूर्व से ही संचालित डी.पी.एड. एव बी.पी.एड. पाठ्यक्रमों का संचालन यथावत रखा गया है।

## 2. राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर के उद्वेश्य :–

राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान की स्थापना निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए की गयी है:–

i. अभिजात वर्ग के लिए अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केन्द्र एवं राज्य के खिलाड़ियों को व्यवस्थित प्रशिक्षण देने के लिए उचित खेल विज्ञान और चिकित्सा सहायता के साथ राजस्थान राज्य क्रीडा संस्थान की स्थापना एवं निर्माण करना ।

ii. राज्य के युवा प्रतिभाशाली छात्रों के लिए विभिन्न विषयों में खेल शिक्षा और शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करना।

iii. प्रशिक्षकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और पाठ्यक्रम संचालित करना।

iv. राज्य के युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए स्पोर्टस् स्कूल चलाना।

v. राज्य के युवा पैरा खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उनकी प्रकृति अनुसार प्रशिक्षण देना एवं जमीनी स्तर से कुलीन स्तर तक संस्थान के परिसर में पैरा–अकादमी की स्थापना करना।

vi. राज्य के खिलाड़ियों के लिए उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण और पुनर्वास केन्द्र के रूप में कार्य करना।

vii. कौशल विकास पाठ्यक्रम संचालित करना।

viii. राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा निर्देशित पाठ्यक्रम एवं खेल संबंधी कार्यक्रमों का संचालन/कार्यान्वयन करना ।

## 3. राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर के स्वीकृत एवं कार्यरत पदों का विवरण :–

वर्तमान में राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर के लिये स्वीकृत पदों, पर कार्यरत कार्मिकों तथा रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | पद नाम | वर्तमान में स्वीकृत पदों की संख्या | भरे हुये पद | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक | 01 | 01 | 00 |
| 2 | लेखाधिकारी | 01 | 01 | 00 |
| 3 | निजी सहायक | 01 | 00 | 01 |
| 4 | कनिष्ठ सहायक | 01 | 00 | 01 |
| 5 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 01 | 00 | 01 |
| 6 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | 01 | 00 |
| 7 | प्रबन्धक खेल छात्रावास | 01 | 00 | 01 |
| 8 | हॉस्टल सुपरवाईजर | 01 | 00 | 01 |
| 9 | सहायक लेखाधिकारी द्वितीय | 01 | 00 | 01 |
| 10 | प्रशिक्षक | 06 | 00 | 06 |
| 11 | सफाई कर्मचारी | 03 | 00 | 03 |
| 12 | मैदान सहायक / वार्डबॉय | 03 | 00 | 03 |
| 13 | सिक्योरिटी गार्ड | 09 | 04 | 05 |
| कुल योग | | 30 | 7 | 23 |

## 4. बजट विवरण :–

राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये बीएफसी बैठक का आयोजन किया जा चुका है। उक्त बैठक में इस संस्थान हेतु निम्नातालिका में वर्णित अनुसार बजट प्रावधान प्रस्तुत किये गये है :–

| S.No. | Budget Head | BE 2024-25 | RE 2024-25 |
|---|---|---|---|
| 1 | 2204-00-104-(09)-(01)-92 | 370.00 | 53.39 |
| 2 | 2204-00-104-(09)-(01)-12 | 90.00 | 13.01 |
| 3 | 2204-00-104-(08)-(01)-12 | 0.01 | 0.01 |
| | **Total** | **460.01** | **66.41** |

## 5. निर्माण कार्य :–

बजट घोषणा के अनुरूप इस संस्थान के परिसर में विभिन्न खेलों की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधायें विकसित करने का कार्य त्वरित गति से प्रगति पर है। इस योजना में निम्न खेलों से संबंधित सुविधायें विकसित किये जाने हेतु कार्यकारी एजेन्सी आर.एस. आर.डी.सी. द्वारा निम्नानुसार निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है :–

| क्र.सं. | सुविधा का नाम | लागत (राशि लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | मल्टीपरपज इण्डोर हॉल का निर्माण | 798.00 |
| 2 | खेल स्कूल (आवासीय) विद्यालय भवन का निर्माण | 579.00 |
| 3 | खेल स्कूल (आवासीय) छात्रावास भवन का निर्माण | 1230.00 |
| 4 | हाईपरफोर्मेन्स स्पोर्टस् ट्रेनिंग व रिहेबिलिटेशन सेन्टर की स्थापना | 1056.00 |
| 5 | शारीरिक शिक्षा महाविघालय का विस्तार एवं उन्नयन कार्य खेल विभाग के अन्तर्गत राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान के लिये निम्नलिखित सुविधाओं को विकसित एवं उनका निर्माण किया जायेगा :–<br>a) मौजूदा प्रशासनिक भवनों का नवीनीकरण एवं उनको उन्नत करना।<br>b) रोड़, रोड़ लाईट, ट्रांसफार्मर, आर.डब्ल्यू.एच., ट्यूबवेल आदि<br>c) कबड्डी ग्राउन्ड (2 कोर्ट)<br>d) एथलेटिक ट्रेक<br>e) फुटबॉल ग्राउण्ड<br>f) खो–खो ग्राउण्ड<br>g) हैण्डबॉल ग्राउण्ड<br>h) वॉलीबॉल ग्राउण्ड (2 कोर्ट)<br>i) टेनिस ग्राउण्ड (सिंथेटिक) (2 कोर्ट)<br>j) बॉस्केटबॉल (सीमेन्ट) (1 कोर्ट) | 1600.00 |
| 6 | आवासीय पैरा खेल अकादमी की स्थापना | 518.00 |
| 7 | ऑलवेदर स्वीमिंग पुल | 868.00 |
| 8 | सिंथेटिक ट्रेक | 700.00 |
| | कुल योग | **7349.00** |

खेल स्कूल (आवासीय) योजना के तहत निर्मित 250 बेड के छात्रावास का उद्घाटन 25 सितम्बर, 2023 को किया जा चुका है तथा हाईपरफोर्मेन्स स्पोर्टस् ट्रेनिंग व रिहेबिलिटेशन सेन्टर के लिये भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा उपरोक्त सूची में दर्शाये गये सभी निर्माण कार्य प्रगति पर है।

6. <u>राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान, जोधपुर के नियत्रणाधीन संचालित की जाने वाली योजनाओं का विवरण</u> :—आने वाले समय में इस संस्थान में नीचे दी गयी राज्य सरकार की विभिन्न खेल योजनाओं का भी संचालन किया जायेगा :—

I. <u>खेल स्कूल (आवासीय) योजना</u> :—

कक्षा 6 से 12 तक के विधार्थियों के लिये आवासीय खेल स्कूल की स्थापना प्रस्तावित है। खेल स्कूल के लिए चयनित खिलाडियों को राज्य खर्च पर आवास, शिक्षा व खेल प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जायेगी।

इस योजना के तहत निम्नलिखित खेल गतिविधियों में चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने की योजना है तथा प्रतिवर्ष तालिका में वर्णित अनुरूप प्रत्येक खेल गतिविधि में कक्षा 5वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं में से योजना में स्वीकृत प्रावधान के अनुसार खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। योजना के तहत निम्न खेल गतिविधियों के लिये खिलाड़ियों का चयन किया जाना प्रस्तावित है, जो कुल नौ गतिविधियां होने से प्रतिवर्ष 80 खिलाड़ियों का चयन किया जाना प्रस्तावित है :—

| क्र. सं. | खेल का नाम | खिलाड़ियों की संशोधित संख्या (छात्र. छात्रांए) (प्रतिवर्ष) |
|---|---|---|
| 1 | टेबल टेनिस | 04 |
| 2 | जिम्नास्टिक | 08 |
| 3 | टेनिस | 04 |
| 4 | कुश्ती | 06 |
| 5 | कबड्डी | 14 |
| 6 | वॉलीबाल | 12 |
| 7 | बॉस्केटबाल | 12 |
| 8 | वुशु | 06 |
| 9 | ऐथेलिटिक्स | 14 |
| | योग | 80 (अस्सी) |

इस योजना के तहत स्वीकृत प्रावधानों के अनुसार प्रति चयनित खिलाड़ी पर दो लाख रूपये प्रतिवर्ष का व्यय किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें चयनित खिलाड़ी के आवास, भोजन, वर्दी एवं अग्रिम अध्ययन पर होने वाला व्यय शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान खेल सामग्री यथा बॉल, नेट आदि पर होने वाला व्यय इसके अतिरिक्त है।

II. <u>पैरा अकादमी</u> :—निशानेबाजी व टेबल टेनिस खेलों में 25 खिलाड़ी (15 शूटिंग व 10 टेबल टेनिस) के लिये पैरा अकादमी स्थापित करना प्रस्तावित है। अकादमी में चयनित खिलाड़ियों को राज्य सरकार के खर्च पर आवास, शिक्षा व खेल प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जायेगी।

इस योजना के तहत स्वीकृत प्रावधानों के अनुसार प्रति चयनित खिलाड़ी पर दो लाख रूपये प्रतिवर्ष का व्यय किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें चयनित खिलाड़ी के आवास, भोजन, वर्दी एवं अग्रिम अध्ययन पर होने वाला व्यय शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान खेल सामग्री पर होने वाला व्यय इसके अतिरिक्त है।

खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया इस वर्ष छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् की जायेगी।

III. <u>उच्च प्रदर्शन और प्रशिक्षण केन्द्र(**High performance & Training Center**)</u> :–

राज्य के खिलाड़ियों को पूरे वर्ष लगातार संबंधित खेलों में Scientific back up के साथ प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उच्च प्रदर्शन और प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना प्रस्तावित है। इस केन्द्र में राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान की योजनाओं के अन्तर्गत चयनित खिलाड़ियों को आवश्यकता के अनुरूप आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकी (Scientific Technology)सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

<u>योजना के उद्वेश्य एवं महत्व</u> :–

- खिलाड़ीRajasthan High Performance Sports Training & Rehabilitation Centreमें अपने शरीर के बारे में बेहतर जानकारी प्राप्त कर सकता है।
- खिलाड़ी प्रशिक्षण के लिए अधिक जागरूक हो सकेगा।
- खिलाड़ी की चोटों के लिये फिजियोथैरेपी उपचार प्रदान किया जायेगा।
- खिलाड़ी शरीर पर संतुलन कर उच्च प्रदर्शन कर सकेगा।
- खिलाड़ी के खेल कौशल का तकनीकी मशीनों से तकनीकी परीक्षण कर सकेगें।
- तकनीकी मशीनों के द्वारा खेल प्रतिभाओं की खोज की जा सकेगी।

उपरोक्त दर्शाये गये योजनाओं व कार्यक्रम के अलावा राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर का भी इसी संस्थान में समावेश करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय का उन्नयन करते हुए, राज्य क्रीड़ा संस्थान स्थापित किया गया है, जिससे राज्य के युवा वर्ग के लिए निम्नलिखित कोर्स चलाए जायेगें :–

| क्रम सं. | कोर्स का नाम | समयावधि |
|---|---|---|
| वर्तमान में चालू कोर्स :– | | |
| i | बी.पी.एड. | 2 साल |
| ii | डी.पी.एड. | 2 साल |
| प्रस्तावित नए कोर्स :– | | |
| i | चयनित खेलों में सर्टिफिकेट कोर्स | 6 सप्ताह |
| ii | कौशल विकास पाठ्यक्रम | 6 सप्ताह |
| iii | खेल प्रबंधन से संबंधित पाठ्यक्रम | 6 महीने |
| iv | खेल कोचिंग पाठ्यक्रम | 12 महीने |

क्रीड़ा संस्थान द्वारा राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गयी सभी सुविधायें और उपलब्ध सुविधाओं का उन्नयीकरण जल्द से जल्द करवाने हेतु सतत् प्रयत्नशील है और राज्य के जितने भी उदयमान खिलाड़ी है, उनको उपरोक्त सुविधायें उपलब्ध करवाने के प्रयास किये जायेगें।

––––










KABADDI ACADEMY
KARAULI
5


11
001
04
2
17
11




माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा 12 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के अवसर पर युथ आइकन अवार्डियों को सम्मानित किया। माननीय मुख्यमंत्री के पास खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रमुख शासन सचिव श्री भवानी सिंह देथा और शासन सचिव, डॉ. नीरज के पवन बैठे हुए है।



रन फॉर विकसित राजस्थान के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रतिभागियों के साथ दौड़ते हुए। साथ में खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़।